INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

REET

(मुख्य परीक्षा हेतु)

Level – 1

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।

हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

भाग – 1

राजस्थान का भूगोल + इतिहास + संस्कृति + भाषा

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान 3rd ग्रेड (REET मुख्य परीक्षा लेवल – I हेतु)** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर (RSMSSB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान 3rd ग्रेड (REET मुख्य परीक्षा लेवल – I)" की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें/*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/r46kn5

Online Order करें - https://shorturl.at/gilw7

मूल्य : ₹	**संस्करण : नवीनतम**

क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ सं.
	राजस्थान का भूगोल	
1.	स्थिति एवं विस्तार	1
2.	राजस्थान का भौगोलिक स्वरूप	14
3.	मानसून तंत्र एवं जलवायु	24
4.	(अपवाह तंत्र) - नदियाँ, झीलें एवं बाँध	30
5.	राजस्थान की वन संपदा	52
6.	वन्य जीव-जंतु वन्य जीव संरक्षण एवं अभ्यारण्य	55
7.	मृदाएँ एवं मृदा संरक्षण	59
8.	राजस्थान की प्रमुख फसलें	62
9.	जनसंख्या, जनसंख्या-घनत्व, साक्षरता, और लिंगानुपात	67
10.	राजस्थान की जनजातियाँ एवं जनजातीय क्षेत्र	73
11.	धात्विक एवं अधात्विक खनिज	76
12.	राजस्थान के ऊर्जा संसाधन : परम्परागत एवं गैरपरम्परागत	83
13.	राजस्थान के पर्यटन स्थल	92
14.	राजस्थान में यातायात के साधन	97
15.	पशुधन एवं पशु मेले (एक्स्ट्रा)	104
	इतिहास एवं संस्कृति	
1.	राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएँ • कालीबंगा , आहड़, गणेश्वर, बालाथल और बैराठ	110
2.	राजस्थान की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ, प्रमुख राजवंश	114
3.	प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था	158
4.	राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व	166

5.	1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान	177
6.	राजस्थान में जनजाति एंव किसान आंदोलन	184
7.	प्रजामण्डल	195
8.	राजस्थान का एकीकरण	204
	कला एवं संस्कृति	
1.	राजस्थान की स्थापत्य कला, किले स्मारक महल एंव हवेलियाँ	209
2.	राजस्थान के मेले एवं त्यौहार	217
3.	लोक कला, लोक संगीत	227
4.	लोक नाट्य एवं लोक नृत्य	230
5.	राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा एवं विरासत	236
6.	राजस्थान के धार्मिक आंदोलन प्रमुख संत एवं सम्प्रदाय • राजस्थान के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल	244
7.	लोक देवता एंव लोक देवियाँ	251
8.	राजस्थान के वस्त्र एंव आभूषण	257
9.	राजस्थान की चित्रकलाएँ एवं हस्तशिल्प	258
	राजस्थानी भाषा	
1.	राजस्थान की क्षेत्रीय बोलियाँ	264
2.	प्रमुख राजस्थानी कृतियाँ एवं प्रमुख राजस्थानी साहित्यकार	266
3.	राजस्थनी संत साहित्य एवं लोक साहित्य	270

राजस्थान का भूगोल

अध्याय – I

स्थिति एवं विस्तार

राजस्थान का विस्तार -

इसका अध्ययन करने से पहले इससे जुड़े हुए कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझिए-

1. भूमध्य रेखा
2. कर्क रेखा
3. मकर रेखा
4. अक्षांश
5. देशांतर

इन मानचित्र को ध्यान से समझिए-



(मानचित्र न. I)



(मानचित्र न. – 2)

नोट -भूमध्य रेखा :- "विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा" पृथ्वी की सतह पर उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर स्थित एक काल्पनिक रेखा हैयह पृथ्वी को दो गोलार्द्धों, उत्तरी व दक्षिणी में विभाजित करती है।
इस रेखा पर प्रायः वर्ष भर दिन और रात की अवधि बराबर होती, यही कारण है कि इसे विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा कहा जाता है।
विषुवत रेखा के उत्तरी ओर पर कर्क रेखा है व दक्षिण की ओर पर मकर रेखा है।

नोट- पृथ्वी/ग्लोब को दो काल्पनिक रेखाओं द्वारा "**उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम**"में विभाजित किया गया है । इन्हें अक्षांश व देशांतर रेखाओं के नाम से जानते है।



अक्षांश रेखाएं- वह रेखाएं जो ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की ओर बनी हुई है, अथार्त भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय दूरी को अक्षांश रेखा कहते है। भूमध्य रेखा को अक्षांश रेखा माना गया है। (देखें मानचित्र -I)
ग्लोब पर कुछ अक्षांशों की संख्या (90 डिग्री उत्तरी गोलार्द्ध में और 90 डिग्री दक्षिणी गोलार्द्ध में) कुल 180 डिग्री है तथा अक्षांश रेखा को शामिल करने पर इनकी संख्या 181 होती है।

देशांतर रेखाएं- उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360 डिग्री रेखाओं को देशांतर रेखाएं कहा जाता है। ग्रीनविच, जहां ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है, से गुजरने वाली याम्योत्तर से पूर्व और पश्चिम की ओर गिनती शुरू की जाए। इस याम्योत्तर को प्रमुख याम्योत्तर कहते है। इसका मान देशांतर है तथा यहां से हम 180 डिग्री पूर्व या 180 डिग्री पश्चिम तक गणना करते है।

नोट –उपर्युक्त विषय को अधिक विस्तार से समझने के लिए हमारी अन्य पुस्तक '**भारत एवं विश्व का भूगोल**' पढें"।राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3" से 30°12" उत्तरी अक्षांश ही तक है जबकि राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69'30" से 78'17" पूर्वी देशांतर है। (देखें मानचित्र A, B)



(मानचित्र-A)

नोट- राजस्थान का कुल अक्षांशीय विस्तार **7'9"(30°12" 23°3")** है तथा कुल देशांतरीय विस्तार **8°47" (78°17" 69°30")** है।

1° = 4 मिनट
1" =111.4 किलोमीटर होता है।

राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है जो कि संपूर्ण भारत का 10.41% है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है जो संपूर्ण विश्व का 2.42% है।

1 नवंबर 2000 से पूर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश था लेकिन 1 नवंबर 2000 के बाद मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग होने हो जाने पर भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान बन गया।

2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या 68,548,437थी जो कि कुल देश की जनसंख्या का 5.67% है।

- **कर्क रेखा राजस्थान में स्थित:-**



कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है-

- **(राजस्थान, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मिजोरम, त्रिपुरा)**
- राजस्थान में कर्क रेखा बांसवाड़ा जिले के मध्य से कुशलगढ़ तहसील से गुजरती है, इसके अलावा कर्क रेखा डूंगरपुर जिले को भी स्पर्श करती है अर्थात् कुल दो जिलों से होकर गुजरती है।
- राजस्थान में कर्क रेखा की कुल लंबाई 26 किलोमीटर है। राजस्थान का सर्वाधिक भाग कर्क रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है।
- राजस्थान का कर्क रेखा से सर्वाधिक नजदीकी शहर बांसवाड़ा है।
- भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है, अतः वहां पर तापमान अधिक होता है। जैसे-जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है और तापमान में कमी आती जाती है।
- राजस्थान में बांसवाड़ा जिले में सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है जबकि गंगानगर में सर्वाधिक तिरछी पड़ती है।

कारण- बांसवाड़ा सर्वाधिक दक्षिण में स्थित है तथा श्रीनगर सबसे उत्तर में स्थित है।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार राज्य का सबसे गर्म जिला बांसवाड़ा होना चाहिए एवं राज्य का सबसे ठंडा जिला श्रीगंगानगर होना चाहिए लेकिन वर्तमान में राज्य का सबसे गर्म व सबसे ठंडा जिला चूरु है। यह जिला सर्दियों में सबसे अधिक ठंडा एवं गर्मियों में सबसे अधिक गर्म रहता है इसका कारण यहां पाई जाने वाली रेत व निप्सम है।



मानचित्र को ध्यान से समझिए

नोट- जैसे कि ऊपर दिए गए मानचित्र में समझाया है कि, सूर्य 21 जून को सीधा कर्क रेखा पर और 22 दिसंबर को सीधा मकर रेखा पर चमकता है। इसके अलावा 21 मार्च और 23 सितंबर को सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता है। अर्थात् 21 जून को कर्क रेखा पर सीधे चमकने के बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर ..... दिसंबर में जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है वैसे-वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश मकर रेखा की ओर बढ़ता जाता है, फिर 22 दिसंबर तक मकर रेखा पर पहुंचने के बाद जनवरी, फरवरी.....जून में जैसे-जैसे समय बढ़ता है वैसे-वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश कर्क रेखा की ओर बढ़ता है।

अर्थात सूर्य की सीधी किरणें कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच में पड़ती है इस क्षेत्र को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र कहते है। ध्रुवों पर सूर्य की किरणें ना पहुंचने के कारण वहां वर्ष भर बर्फ पाई जाती है।

इस प्रकार राजस्थान का सबसे दक्षिणी जिला बांसवाड़ा में सूर्य की सबसे ज्यादा सीधी किरणें पड़ती है (कर्क रेखा के सबसे नजदीक होने के कारण) इसलिए बांसवाड़ा को राजस्थान का सबसे गर्म जिला होना चाहिए, लेकिन चूरु सबसे गर्म जिला है (कारण-रेत) । इसी प्रकार सबसे उत्तरी जिला श्रीगंगानगर में सूर्य की

सबसे ज्यादा तिरछी किरणें पड़ती है, इसलिए श्रीगंगानगर को राजस्थान का सबसे ठंडा जिला होना चाहिए लेकिन चूरु सबसे ज्यादा ठंडा जिला है (कारण-निप्सम)







पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने आता है, इस कारण सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।

विस्तार:-

राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई 826 किलोमीटर है तथा इसका विस्तार उत्तर में श्रीगंगानगर जिले के कोणा गांव से दक्षिण में बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गांव तक है।

इसी प्रकार पूरब से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूरब में धौलपुर जिले के नगमोहनपुरा की ढाणी, सिलाना गांव से पश्चिम में जैसलमेर जिले के कटरा गांव (सम-तहसील) तक है।

आकृति

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है। राज्य की स्थलीय सीमा 5920 किलोमीटर (1070 अंतरराष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

रेडक्लिफ रेखा

रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सीरिल एम. रेडक्लिफ को माना जाता है। इसकी स्थापना 14/15 अगस्त 1947 को की गई। इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 किलोमीटर है। रेडक्लिफ रेखा पर भारत के ***तीन राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेश*** स्थितहैं।

1. पंजाब (547 कि.मी.)
2. राजस्थान (1070 कि.मी.)
3. गुजरात (512 कि.मी.)

केंद्र शासित प्रदेश

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी. लद्दाख व J&K दोनों)
2. लद्दाख

रेडक्लिफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा- ***राजस्थान*** (1070 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात (512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय- ***श्रीनगर***

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दुर राजधानी मुख्यालय- ***जयपुर***

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य- ***राजस्थान***

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य- ***पंजाब***

- रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा ***1070 कि.मी.*** है। जो ***राजस्थान के पांच जिलों*** से लगती है।

1. श्रीगंगानगर
2. अनूपगढ़
3. बीकानेर.
4. जैसलमेर- 464 कि.मी.
5. बाड़मेर- 228 कि.मी.

- रेडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में श्रीगंगानगर के ***हिन्दूमल कोट*** से लेकर दक्षिण - पश्चिम में बाड़मेर के बाखासर गाँव, सेडवा तहसील तक विस्तृत है।
- रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिले पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावल नगर व रहीमयारखान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट व थारपाकर राजस्थान से सीमा बनाती है।

राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा – ***बहावलपुर***

राजस्थान के साथ न्यूनतम सीमा- ***खैरपुर***

पाकिस्तान के दो प्रांत राजस्थान की सीमा को छूते हैं।

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

- रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।
- राजस्थान की रेडक्लिफ रेखा से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर (464 कि.मी.) की लगती है।
- रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय -अनूपगढ़
- रेडक्लिफ के सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय - बीकानेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे बड़ा जिला - जैसलमेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे छोटा जिला – ***श्रीगंगानगर***



5. जोधपुर
6. पाली
7. बांसवाडा
8. बीकानेर
9. भरतपुर
10. सीकर

1. ***अजमेर संभाग*** – अजमेर संभाग में 7 जिले ब्यावर, शाहपुरा, डीडवाना-कुचामन, अजमेर, केकड़ी, टोंक, नागौर आते हैं।
2. ***उदयपुर संभाग*** – उदयपुर संभाग में 5 जिले आते हैं- उदयपुर, भीलवाडा, चित्तौड़गढ़, सलुम्बर, राजसमन्द। ***ट्रिक – उदय भील*** का ***चित्तौड़*** से ***सलुम्बर*** तक ***राज*** है।
3. ***कोटा संभाग-*** कोटा संभाग में 4 जिले (बारां, बूंदी, कोटा, झालावाड़) आते हैं।
4. ***जयपुर संभाग*** – जयपुर संभाग में 6 जिले (जयपुर, अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, दौसा, दूदू) आते हैं।
5. ***जोधपुर संभाग-*** जोधपुर संभाग में 6 जिले (जोधपुर / जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, फलौदी, बालोतरा, जैसलमेर)
6. ***पाली संभाग*** – पाली संभाग में 4 जिले (पाली, जालौर, सांचौर, सिरोही) शामिल हैं।
7. ***बांसवाड़ा संभाग*** – बांसवाडा संभाग में 3 जिले (बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़) शामिल हैं।
8. ***बीकानेर संभाग*** - बीकानेर संभाग में 4 जिले (श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, बीकानेर) शामिल हैं।
9. ***भरतपुर संभाग*** – भरतपुर संभाग में 6 जिले (भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी और डीग) शामिल हैं।
10. ***सीकर संभाग*** – सीकर संभाग में 4 जिले (झुंझुनू, सीकर, चुरू और नीमकाथाना) शामिल हैं।

<u>अंतर्राष्ट्रीय सीमा</u>

अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले संभाग - बीकानेर व जोधपुर

- सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - जोधपुर
- न्यूनतम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक संभागीय मुख्यालय - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा से दूर संभागीय मुख्यालय -जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा संभाग - जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में छोटा संभाग-बीकानेर

राजस्थान के वे जिले जो अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय नहीं बनाते हैं।

22 जिले - (जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, फलौदी, जालौर, पाली, राजसमन्द, शाहपुरा, केकड़ी, ब्यावर, अजमेर, टोंक, दौसा, बूंदी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, डीडवाना-कुचामन, सीकर, नागौर, सलुम्बर तथा गंगापुरसिटी)

मेवात क्षेत्र / मत्स्य प्रदेश	खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, भरतपुर, डीग
श्रीपंथ	बयाना (भरतपुर)
कोठी	धौलपुर
गोपालपाल	करौली
डांग क्षेत्र, बीहड़	करौली, सवाईमाधोपुर
प्राचीन भारत का टाटा नगर, नवाबों का शहर	टोंक
हयहय प्रदेश, हाडौती प्रदेश	कोटा, बूंदी, झालावाड़, बारां
बृजनगर, खींचीवाड़ा	झालावाड़
मालव प्रदेश	झालावाड़, प्रतापगढ़
वार्गट	डूंगरपुर बाँसवाड़ा का दक्षिणी भाग
मेवल	बाँसवाड़ा व डूंगरपुर के मध्य का भू-भाग
शिवी जनपद	सिरोही
देवनगरी, चन्द्रावती, आर्बुद	सिरोही
श्रीमाल, बाहड़मेट, मालाणी	बाड़मेर
जलालाबाद, जाबालीपुर	जालौर
मांड प्रदेश, वल्ल, दुंगल	जैसलमेर
जांगल प्रदेश	बीकानेर
थली क्षेत्र	चुरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, श्री गंगानगर (चारों की सीमा रेखा जहाँ मिलती है, के आस-पास का क्षेत्र)
राम् जाट की ढाणी	गंगानगर
जाट रियासत	भरतपुर, धौलपुर
मत्स्य संघ / शूरसेन	कोटपूतली-बहरोड़, डीग, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर
अर्जुनायन	डीग, अलवर, भरतपुर
बांगड़ प्रदेश	झुंझुनू, सीकर, नीमकाथाना, डीडवाना-कुचामन, नागौर
सपादलक्ष	बीकानेर
चुन्धेर	अनूपगढ़
जांगल प्रदेश की राजधानी / अहिछत्रपुर	नागौर
मरुत्रिकोण	बीकानेर, फलौदी, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, जैसलमेर, बाड़मेर
मारवाड़ / मरुधर	जोधपुर
रामदेवरा	रुणिचा
मांडव्यपुर	मंडोर
नेहड़ / सत्यपुर	सांचौर

गोडवाड़	सांचौर, जालौर, बालोतरा, सिरोही
उपरमाल	बिजोलिया (भीलवाड़ा) भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़)
कांठल	प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा
सौ द्वीपों का शहर	बाँसवाड़ा
तोरावाटी	शेखावाटी क्षेत्र में काटली नदी का अपवाह क्षेत्र
भोमट क्षेत्र	डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही, उदयपुर जिले का अरावली पर्वतीय आदिवासी क्षेत्र
गुर्जरात्रा	जोधपुर जिले का दक्षिणी भाग (मंडोर)
आडवाल	अरावली
मेरवाड़ा	अजमेर व राजसमंद जिले का दिवेर क्षेत्र
सालव प्रदेश	अलवर का क्षेत्र
उपकेशपट्टन / राजस्थान का भुवनेश्वर	ओसियां (जोधपुर ग्रामीण)
अजयमेरु	अजमेर
कोंकण तीर्थ	पुष्कर
मध्यमिका	नगरी
खिज्राबाद	चित्तौड़गढ़
भटनेर	हनुमानगढ़
जयनगर	जयपुर
उपनाम / प्राचीन नाम	**स्थानी / क्षेत्र**
राजस्थान का वेल्लोर	भैंसरोड़गढ़ दुर्ग (चि.)
तीर्थों का भांजा	मचकुंड (धौलपुर)
तीर्थों का मामा / कोंकण तीर्थ	पुष्कर
थार का घड़ा	चाँदन नलकूप
महान भारतीय जल विभाजक रेखा	अरावली पर्वतमाला
राजस्थान की कामधेनु	चंबल नदी
वागड़ की गंगा	माही नदी
कांठल की गंगा	माही नदी
अर्जुन की गंगा	बाणगंगा नदी
आदिवासियों की गंगा	माही नदी
आदिवासियों का कुंभ	बेणेश्वर
खनिजों का अजायबघर	राजस्थान
राजस्थान का विंडसर महल	**राजमहल (फर्ग्युसन्)**
प्रहरी मीनार	एक थंबा महल (जोधपुर)
राजस्थान राज्य की आत्मा	घूमर नृत्य
राजस्थान का खेल नृत्य	नेजा नृत्य

- ***राज्य की सबसे बड़ी नदी चंबल है।***
- *पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं।*
- *मारवाड़ की जीवन रेखा लूनी नदी को कहते हैं।*
- *बीकानेर की जीवन रेखा कंवर सेन लिफ्ट परियोजना को कहते हैं।*
- *राजसमंद की जीवन रेखा नंद समंद झील कहलाती है।*
- *भरतपुर की जीवन रेखा मोती झील है।*
- *गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा परियोजना है।*
- *जमशेदपुर की जीवन रेखा स्वर्ण रेखा नदी को कहा जाता है। इस नदी पर हुंडरू जल प्रपात स्थित है।*
- *आदिवासियों की या दक्षिणी राजस्थान की जीवन रेखा माही नदी को कहा जाता है।*
- *पूरे राज्य में बहने वाली सबसे बड़ी नदी बनास है।*
- *भारत सरकार द्वारा राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना 1955 में की गई थी। इस बोर्ड का नियंत्रण राजस्थान सरकार को सौंपा गया था। 1971 से इस बोर्ड को भूजल विभाग के नाम से जाना जाता है इसका कार्यालय जोधपुर में है।*
- *पूर्णत : राजस्थान में बहने वाली सबसे लंबी नदी तथा सर्वाधिक जल ग्रहण क्षेत्र वाली नदी बनास है।*
- *चंबल नदी पर भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) के निकट चूलिया जल प्रपात तथा मांगली नदी पर बूंदी में "भीमलत प्रपात" है।*

- ***अंतर्राज्य सीमा बनाने वाली एक मात्र नदी है चंबल,*** *जो कि राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा बनाती है।*
- *टोंक जिले की राजमहल नामक जगह पर बनास नदी, डाई नदी तथा खारी नदी के द्वारा त्रिवेणी संगम बनाया जाता है। यहाँ शिव एवं सूर्य की संयुक्त प्रतिमा स्थित है, जो मार्तंड भैरव मंदिर या देवनारायण मंदिर के नाम से जाना जाता है यहाँ नारायण सागर बाँध स्थित है।*

प्रिय छात्रों अब हम प्रत्येक अपवाह तंत्र को विस्तृत रूप से समझते हैं। सबसे पहले हम बंगाल की खाड़ी की ओर चले जाने वाली नदियों का अध्ययन करेंगे-

1. ***<u>चंबल नदी</u>*** *–प्रिय छात्रों चंबल नदी के बारे में हम समझते हैं कि क्या है इसकी महत्त्वपूर्ण विशेषताएं*

- *चंबल नदी राजस्थान की एक मात्र ऐसी नदी है जो प्राकृतिक अंतर्राज्य सीमा (राजस्थान, मध्यप्रदेश) निर्धारित करती है। इस नदी को अन्य नामों से भी जाना जाता है इसके अन्य नाम है चर्मणवती नदी, कामधेनु नदी, बारह मासी नदी, नित्य वाहिनी नदी।*
- *इस नदी की* ***कुल लंबाई लगभग 1051 किलो मीटर है। यह नदी मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश अर्थात् 3 राज्यों में बहती है*** *यह नदी मध्यप्रदेश में लगभग 320 किलो मीटर, राजस्थान में लगभग 322 किलो मीटर, उत्तरप्रदेश में लगभग 157 किलो मीटर बहती है तथा मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के मध्य 252 किमी लम्बी अंतरराज्यीय सीमा बनाती है।*

INFUSION NOTES

चम्बल एवं इसकी सहायक नदियाँ

- इस नदी का **उद्गम स्थल मध्यप्रदेश के महु के निकट विंध्याचल पर्वतमाला** में स्थित 616 मीटर ऊंची "जानापाव की पहाड़ी" से होता है।
- मध्यप्रदेश में मंदसौर जिला में स्थित रामपुरा भानपुरा के पठारों में स्थित इस नदी का सबसे बड़ा बाँध **"गांधी सागर बाँध"** बना हुआ है।
- यह नदी राजस्थान में सर्वप्रथम चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित चौरासीगढ़ नामक स्थान से प्रवेश करती है।
- इस नदी पर भैंसरोड़गढ़ के समीप सबसे बड़ा सबसे ऊंचा जल प्रपात बना है जिसे चूलिया जल प्रपात के नाम से जानते हैं।
- चंबल नदी पर चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा नामक स्थान राणाप्रताप सागर बाँध बना हुआ है जो कि जल भराव की क्षमता से राज्य का सबसे बड़ा बाँध है। इस बाँध का 113 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
- चंबल नदी चित्तौड़गढ़ जिले में बहने के बाद कोटा जिले में प्रवेश करती है।
- **कोटा जिले में इस नदी पर जवाहर सागर व कोटा बैराज बाँध** बना हुआ है कोटा बैराज बाँध जल विद्युत उत्पादन के लिए उपयोग में नहीं लिया जाता।
- कोटा जिले के नौनेरा नामक स्थान पर "कालीसिंध नदी" चंबल में आकर मिल जाती है
- यह स्थान प्राचीन काल में कपिल मुनि की तपस्या स्थली रहा था।
- कोटा तथा बूंदी जिले की सीमा निर्धारित करती हुई यह नदी बूंदी जिले में प्रवेश करती है।
- बूंदी जिले की केशवरायपाटन नामक स्थान पर इस नदी का सर्वाधिक गहरा पाट है जो 113 मीटर की गहराई तक है।
- बूंदी जिले से आगे चल कर यह नदी कोटा तथा सवाई माधोपुर की सीमा निर्धारित करती है।
- सवाईमाधोपुर जिले के खण्डार तहसील के रामेश्वर नामक स्थान पर बनास तथा सीप नदी चंबल में आकर मिलती है तथा यहाँ त्रिवेणी संगम बनाते हैं।
- सवाई माधोपुर जिले के पालीया नामक स्थान पर चंबल नदी की सहायक नदी पार्वती इसमें आकर मिलती है।
- धौलपुर जिले के पीलहाट होते हुए यह नदी राजस्थान से बाहर निकलती है और उत्तरप्रदेश राज्य में प्रवेश कर जाती है।
- अंत में यह नदी उत्तरप्रदेश राज्य के इटावा जिले के मुराद्गंज कस्बे में 275 किलो मीटर बहने के बाद यमुना में मिल जाती है यह यमुना की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

चंबल नदी से संबंधित अन्य तथ्य -

- चंबल नदी राज्य के कुल अपवाह क्षेत्र का 20.90% भाग में है। यह नदी **"गांगेय सूस"** नामक स्तन पायी जीव के लिए प्रसिद्ध है।
- **चंबल यूनेस्को की विश्व धरोहर के लिए नामित राज्य की एकमात्र नदी है व बहाव की क्षमता की दृष्टि से राज्य की सबसे लंबी नदी** चंबल ही है।
- यह सर्वाधिक सतही जल वाली नदी है इसीलिए इसे **"वाटर सफारी नदी"** भी कहा जाता है।
- चंबल नदी से सर्वाधिक अवनालिका अपरदन कोटा जिले में होता है।
- **चंबल नदी राज्य के चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली और धौलपुर जिले में बहती है।**
- यह विश्व की एकमात्र ऐसी नदी है जिस पर प्रत्येक 100 किलो मीटर की दूरी पर 3 बड़े बाँध बने हुए हैं और तीनों ही बाँध से जल विद्युत उत्पादन होता है।
- चंबल नदी में घड़ियाल सर्वाधिक मात्रा में पाए जाते हैं इस कारण चंबल नदी को **घड़ियालों कि जन्मस्थली** कहा जाता है।

चंबल की सहायक नदियाँ -

- **मध्यप्रदेश में मिलने वाली नदियाँ - सीवान, रेतम, शिप्रा।**
- **राजस्थान में मिलने वाली नदियाँ - आलनिया, परवन, बनास, कालीसिंध, पार्वती, बामनी, कुराल, छोटी कालीसिंध आदि।**

शोर्ट ट्रिक

चम्बल नदी की सहायक नदियों के नाम:-

"बना काली बाम मे कल पर्व चम्बल पर"

सूत्र		**नदियाँ**
बना	-	बनास
काली	-	कालीसिंध
बाम	-	बामनी
मे	-	मेज
कल	-	कुराल
पर्व	-	पार्वती

चंबल नदी पर चार बाँध बनाए गए हैं -

गाँधी सागर बाँध	-	मध्यप्रदेश की भानपुरा तहसील में
राणाप्रताप सागर बाँध	-	रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)
जवाहर सागर बाँध	-	बोरा बास, कोटा
कोटा बैराज बाँध	-	कोटा

2. बनास नदी -

बनास नदी एवं उसकी सहायक नदियाँ

- ***बनास नदी का उद्गम राजसमंद जिले में स्थित खमनौर की पहाड़ियाँ से होता है*** *पूर्णतः प्रवाह के आधार पर यह राजस्थान की सबसे लंबी नदी है इसकी कुल लंबाई लगभग 512 किलो मीटर है।*
- *इस नदी को वन की आशा, वर्णाशा, वनआशा, वशिष्ठ आदि नामों से जाना जाता है ।*
- *यह नदी 8 जिलों में बहती है यह 8 जिले क्रम से हैं राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, सवाई माधोपुर, केकड़ी, शाहपुरा ।*
- *इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में भूरी मिट्टी के प्रसार पाया जाता है।*
- ***भीलवाड़ा जिले के बीगोद नामक कस्बे के समीप बनास, बेड़च और मेनाल का त्रिवेणी संगम स्थित है।***
- *टोंक जिले में देवली नामक स्थान पर बनास नदी में खारी नदी मिलती है। बनास नदी टोंक जिले में सर्पाकार आकार की हो जाती है।*
- *टोंक जिले के राजमहल नामक स्थान पर बनास, डाई, खारी नदी का त्रिवेणी संगम स्थित है।*
- *रामेश्वरम (सवाईमाधोपुर) में चम्बल, बनास व सीप नदी मिलती है। भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ की सीमा पर मेनाल झरना स्थित है।*
- ***नोट -*** *राज्य की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना इंदिरा गांधी नहर परियोजना है, जब कि राज्य की सबसे बड़ी पेयजल परियोजना* ***टोंक जिले में बनास नदी पर निर्मित बीसलपुर बाँध परियोजना है।*** *इसी बीसलपुर बाँध परियोजना से जयपुर शहर को लगातार जलापूर्ति की जा रही है। बीसलपुर बाँध का निर्माण अजमेर के चौहान शासक विग्रह राज चतुर्थ (बीसलदेव) ने करवाया था।*
- ***बनास नदी पर झाड़ोल सिंचाई परियोजना स्थित है।***
- *बनास नदी अपने प्रवाह के अंत में सवाई माधोपुर जिले के खंडार तहसील के रामेश्वर नामक स्थान पर जाकर चंबल में मिल जाती है अर्थात् बनास चंबल की सहायक नदी है जैसा कि हमनें पहले ही पढ़ा था।*
- *बनास नदी चंबल की सबसे बड़ी सहायक नदी है इस नदी पर नाथद्वारा के पास नंदसमंद बाँध का निर्माण कराया गया है जिसको राजसमंद की लाइफ लाइन भी कहा जाता है ।*
- ***इसकी सहायक नदियाँ बेड़च, कोठारी, खारी, मानसी, मोरेल, गंभीरी, मेनाल, सहोदरा आदि हैं।***

बनास नदी की मुख्य सहायक नदियों के नाम है ।

"बेड़च सोम खारी का मोर मांग''

सूत्र	**-**	**नदियाँ**
बेड़च	-	बेड़च
म	-	मेनाल
सो	-	सहोदरा
खारी	-	खारी
का	-	कोठारी
मोर	-	मोरेल
मा	-	मानसी
ग	-	गम्भीरी

- यहाँ से कर्ण फूल, गले का हार, चूड़ियां, पायजेब आदि आभूषणों के प्रमाण प्राप्त हुए हैं ।
- यहाँ से आलीशान इमारतों के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं ।
- रैढ़ से मृति का से बनी यक्षिणी की प्रतिमा प्राप्त हुई है जो संभवतः शुंगकाल की मानी जाती है ।
- यहाँ से मालव जनपद के 14 सिक्के, 6 सेनापति सिक्के एवं 7 वपूके सिक्के प्राप्त हुए हैं ।
- रैढ़ से एशिया का अब तक का सबसे बड़ा सिक्का का भण्डार मिला है ।
- रैढ़ से जस्ते को साफ करने के प्रमाण मिले है ।
- रैढ़ के निवासी मोटा एवं बारीक कपड़ा बनाने में सिद्ध हस्त थे ।

नगर (टोंक)

- नगर उणियारा कस्बे के पास स्थित है। इसे कर्कोट नगर भी कहा जाता है ।
- इसका प्राचीन नाम 'मालवनगर' था।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1942-43 में श्री कृष्ण देव द्वारा किया गया ।
- यहाँ से बड़ी संख्या में मालव सिक्के तथा आहत मुद्राएं प्राप्त हुई है ।
- नगर में उत्खनन से गुप्तोत्तर काल की स्लेटी पत्थर से निर्मित महिषासुर मर्द्दिनी की मूर्ति प्राप्त हुई है ।
- इसके अतिरिक्त यहाँ से मोदक रूप में गणेश का अंकन, फणधारी नाग का अंकन, कमल धारण की एक लक्ष्मी की खड़ी प्रतिमा प्राप्त हुई है ।
- वर्तमान में नगर सभ्यता को 'खेड़ा सभ्यता' के नाम से जाना जाता है ।
- नगर के उत्खनन से 6000 मालव सिक्के मिले हैं।

अध्याय – 2

राजस्थान की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ, प्रमुख राजवंश

- **प्रमुख राजवंशों के महत्वपूर्ण शासकों की राजनितिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियां**
- **गुर्जर प्रतिहार वंश**

- डॉ. आर सी. मजूमदार के अनुसार-गुर्जर प्रतिहारों ने छठी से 11वीं शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का कार्य किया ।
- जोधपुर के बौक शिलालेख के अनुसार गुर्जर प्रतिहारों का अधिवास मारवाड़ में लगभग 6वीं शताब्दी के द्वितीय चरण में हो चुका था ।
- गुर्जरात्रा प्रदेश में रहने के कारण प्रतिहार गुर्जर प्रतिहार कहलाए।
- गुर्जरात्रा प्रदेश की राजधानी भीनमाल (जालौर) थी । बाणभट्ट ने अपनी पुस्तक ' हर्षचरित ' में गुर्जरों का वर्णन किया है ।
- इस वंश की प्राचीनता बादामी के चालुक्य नरेश पुल्केशिन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में 'गुर्जर जाति' के सर्वप्रथम उल्लेख से मिलती है ।
- डॉ. आर. सी. मजूमदार के अनुसार-प्रतिहार शब्द का प्रयोग मण्डौर की प्रतिहार जाति के लिए हुआ है क्योंकि प्रतिहार अपने आप को लक्ष्मण जी का वंशज मानते थे।
- चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा वृतांत (ग्रंथ) सियूकी में कु-ची-लो (गुर्जर) देश का उल्लेख करता है ।
- अरबी यात्रियों ने गुर्जरों को 'जुर्ज' भी कहा है ।
- अल मसूदी प्रतिहारों को अल गुर्जर तथा प्रतिहार राजा को 'बोरा' कहकर पुकारता है। भगवान लाल इन्द्रजी ने गुर्जरों को 'गुजर' माना है, जो गुजरात में रहने के कारण गुर्जर कहलाए ।
- देवली, राधनपुर तथा करडाह अभिलेखों में प्रतिहारों को गुर्जर प्रतिहार कहा गया है । डॉ. गौरीशंकर ओझा प्रतिहारों को क्षत्रिय मानते हैं । जॉर्ज केनेडी गुर्जर प्रतिहारों को ईरानी मूल के बताते हैं ।
- मिस्टर जैक्सन ने बम्बई गजेटियर में गुर्जरों को विदेशी माना है ।
- प्रतिहार राजवंश महामारू मंदिर निर्माण वास्तुशैली का संरक्षक था । कनिघंम ने गुर्जर प्रतिहारों को कुषाणवंशी कहा है ।
- डॉ. भंडारकर ने गुर्जर प्रतिहारों को खिज्रों की संतान बताकर विदेशी साबित किया है।
- स्मिथ स्टेनफोनो ने गुर्जर प्रतिहारों को हूणवंशी कहा है ।
- भोज गुर्जर प्रतिहार वंश का शासक था ।
- भोज द्वितीय प्रतिहार राजा के काल में प्रसिद्ध ग्वालियर प्रशस्ति की रचना की गई। मुहणौत नैणसी (मारवाड़ रा परगना री विगत) के अनुसार-गुर्जर प्रतिहारों की कुल

26 शाखाएं थी इनमें से दो प्रमुख थी - मण्डौर व भीनमाल ।

- गुर्जर प्रतिहारों की कुल देवी चामुंडा माता थी ।

भीनमाल शाखा (जालौर)

संस्थापक - नागभट्ट प्रथम ।

- रघुवंशी प्रतिहारों ने चावडों से प्राचीन गुर्जर देश छीन लिया और अपनी राजधानी भीनमाल को बनाया । भीनमाल शाखा के प्रतिहारों की उत्पति के विषय में जानकारी ग्वालियर प्रशस्ति से मिलती है। जो प्रतिहार शासक भोज प्रथम के समय उत्कीर्ण हुई ।
- प्रसिद्ध कवि राजशेखर के ग्रंथों से भी भीनमाल के प्रतिहारों की जानकारी मिलती है ।

अवन्ति / उज्जैन शाखा

- नागभट्ट प्रथम के समय दूसरी राजधानी के रूप में स्थापित ।

कन्नौज शाखा

- नागभट्ट द्वितीय ने कन्नौज को जीतकर अपने राज्य की राजधानी बनाया ।
- आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव गुर्जर प्रतिहार काल के है ।

मण्डौर शाखा (जोधपुर)

संस्थापक - रज्जिल

- गुर्जर प्रतिहारों की प्रारंभिक राजधानी मण्डौर थी ।
- गुर्जर प्रतिहारों की इन शाखाओं में सबसे प्राचीन एवं महत्वपूर्ण मण्डौर के प्रतिहार थे । मंडोर के प्रतिहार क्षत्रीय माने जाते है ।

हरिशचंद्र :-

- हरिशचंद्र को प्रतिहार वंश का संस्थापक प्रतिहारों का गुरु/गुर्जर प्रतिहारों का आदि पुरुष/ गुर्जर प्रतिहारों का मूल पुरुष कहते हैं ।
- हरिशचंद्र की दो पत्नियों में से एक ब्राह्मण तथा दूसरी क्षत्रिय पत्नी थी । क्षत्रिय पत्नी का नाम भद्रा था ।
- इसकी क्षत्रिय पत्नी के चार पुत्र हुए जिनके नाम भोगभट्ट, कद्दक, रज्जिल और दह (दद्द) थे ।

रज्जिल: :-

- गुर्जर प्रतिहार राजवंश के आदिपुरुष हरिशचंद्र थे, तो मण्डौर के गुर्जर प्रतिहार राजवंश के संस्थापक रज्जिल थे।
- रज्जिल ने मण्डौर को जीतकर अपने राज्य की राजधानी बनाया ।

नरभट्ट :-

- चीनी यात्री ह्वेनसांग ने नरभट्ट का उल्लेख पिल्लापल्ली नाम से किया है, जिसका शाब्दिक अर्थ साहसिक कार्य करने वाला होता है ।

नागभट्ट प्रथम (730 ई.-760 ई.)

- नागभट्ट प्रथम को 'नागवलोक' तथा इसके दरबार को नागवलोक दरबार कहा जाता था।
- नागभट्ट प्रथम को प्रतिहार साम्राज्य का संस्थापक कहा जाता है ।
- नाग भट्ट प्रथम नरभट्ट का पुत्र था ।
- नागभट्ट प्रथम ने भीनमाल को चावडों से जीता तथा 730 ई. में भीनमाल को राजधानी बनाया । इसने भीनमाल में प्रतिहार वंश की स्थापना की ।
- ग्वालियर अभिलेख के अनुसार नागभट्ट प्रथम ने म्लेच्छ (अरबी) सेना को पराजित कर अपने साम्राज्य का विस्तार किया ।
- नागभट्ट प्रथम का समकालीन अरब शासक जुनैद था । इसकी पुष्टि अल बिलादुरी के विवरण से होती है ।
- हांसोट अभिलेखानुसार समकालीन अरब शासक जुनैद के नियंत्रण से भडौंच छीनकर नागभट्ट प्रथम ने चाहमान भतृवडढ द्वितीय को शासक नियुक्त किया ।

वत्सराज (783 ई. - 795 ई.)

- वत्सराज देवराज व भूयिका देवी का पुत्र था ।
- वत्सराज ने कन्नौज के त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरुआत की, जो 150 वर्ष तक चला ।
- 150 वर्ष का त्रिपक्षीय संघर्ष कन्नौज को लेकर हुआ ।
- उत्तर भारत के गुर्जर प्रतिहार, दक्षिण भारत के राष्ट्रकूट वंश, पूर्व में बंगाल के पालवंश के बीच त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ । इस संघर्ष में गुर्जर प्रतिहार विजयी हुए ।
- कन्नौज को कुश स्थल व महोदय नगर के नाम से जाना जाता था । कन्नौज के त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरुआत गुर्जर-प्रतिहार शासक वत्सराज के समय हुई ।

त्रिपक्षीय संघर्ष के परिणाम

- (त्रिपक्षीय संघर्ष) का प्रथम चरण गुर्जर-प्रतिहार वत्सराज, बंगाल के पाल शासक धर्मपाल व दक्षिण के राष्ट्रकूट शासक ध्रुव के बीच हुआ ।
- वत्सराज ने कन्नौज पर शासित इन्द्रायुध को हराया व उसने पाल शासक धर्मपाल को मुंगेर (मुदगगिरी) के युध्द में पराजित किया । किन्तु राष्ट्रकूट शासक ध्रुव से पराजित हुआ ।
- वत्सराज को रणहस्तिन (युद्ध का हाथी) की उपाधि प्राप्त थी । वत्सराज के समय 778 ई. में उद्योतन सूरी द्वारा 'कुवलयमाला ग्रंथ' की तथा जिन सेन सूरी द्वारा 783 ई. में 'हरिवंश पुराण' की रचना की गई ।
- वत्सराज शैव मत का अनुयायी था ।
- वत्सराज ने ओसियाँ (जोधपुर) में एक सरोवर तथा महावीर स्वामी का एक मंदिर बनवाया जो कि पश्चिम भारत का प्राचीनतम जैन मंदिर माना जाता है ।
- राजस्थान में प्रतिहारों का प्रमुख केन्द्र ओसियाँ (जोधपुर) था । वत्सराज के शासनकाल में वलिप्रबंध नामक काव्य

ग्रंथ लिखा गया । जिसमें सती प्रथा, नियोग प्रथा एवं स्वयंवर प्रथा की जानकारी मिलती है ।

नागभट्ट द्वितीय (795-833 ई.)

- यह वत्सराज का पुत्र था ।
- उपाधि –परमभट्टाचार्य ,परमेश्वर , महाराजा धिराज
- गोविन्द – III, जो राष्ट्रकूट शासक था , ने नागभट्ट – II को हराया ।
- नागभट्ट – II ने जोधपुर के बुचकेला में विष्णु तथा शिव का मंदिर बनवाया जो वर्तमान में शिव –पार्वती मंदिर के नाम से विख्यात है ।
- नागभट्ट =- II ने कन्नौज के राजा चन्द्रायुद्ध को हराकर कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया ।
- नागभट्ट -II नें बंगाल के शासक धर्मपाल को हराकर मुंगेर पर अधिकार कर लिया ।
- अरब आक्रमणकारियों पर पूर्णतः रोक लगाने वाला प्रतिहार राजा नागभट्ट द्वितीय था ।
- नागभट्ट द्वितीय की दानशीलता एवं कन्यादान करने के कारण इन्हें 'कर्ण' की उपाधि दी गई। जिसका उल्लेख ग्वालियर अभिलेख में मिलता है ।
